(230)

दिनांक 27/01/2022 को निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना की अध्यक्षता में **Construction and Renovation Work at Mulbery Prasar cum Training Center, Dheksar, Kishanganj** के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

---

सदस्य उपस्थित :–

I. निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आई0डी0ए0, पटना
II. वरीय वित्त पदाधिकारी, आई0डी0ए0, पटना
III. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–1), आई0डी0ए0, पटना
IV. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–2), आई0डी0ए0, पटना
V. कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0), आई0डी0ए0, पटना

1. योजना का नाम : Construction and Renovation Work at Mulbery Prasar cum Training Center, Dheksar, Kishanganj
2. योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि : रु0 48,74,554.00 मात्र
3. योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि : रु0 49,39,892.00 मात्र
4. परिमाण विपत्र की कुल राशि : रु0 45,80,760.00 मात्र
5. निविदा सूचना संख्या : 26/TEN/IDA/21
6. निविदा आमंत्रण की तिथि : 07.12.2021
7. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : 24.12.2021
8. तकनीकी बीड खोलने की अंतिम तिथि : 27.12.2021
9. निविदा प्रसारण का माध्यम : ई–निविदा एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र
10. प्रकाशन का पी0आर0 सं0 : 09810(Ni.Ni) 2021-22
11. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार का नाम एवं पता :–
    1. Sadhna Venture Pvt. Ltd.
       Ashram Road, Araria, Ward No.-15, P.O.+Dist – Araria-854311.
    2. Md. Rashid Jamal
       At- Kakora, Ward No- 9, Shekhra Tola, Kakora Bagnagar, Mahalgaon, Araria-854325.

निविदा समिति की कार्यवाही –

प्रथम बार निविदा (NIT–18/TEN/IDA/21, Sl No.-1 दिनांक – 25.10.2021) के माध्यम से की गई, जिसमें केवल एक निविदादातां ने भाग लिया। प्रथम बार में एकल निविदा होने के कारण वित्त विभाग की अधिसूचना सं0 7806 दिनांक 30.09.2016 द्वारा प्रावधानित किया गया है कि यदि प्रथम बार में एकल निविदा हो, तो तुरंत दूसरी बार आमंत्रित की जाय। उक्त के आलोक में दूसरी बार निविदा NIT–26/TEN/IDA/21, Sl No.-2 दिनांक – 07.12.2021 के माध्यम से की गई, जिसमें कुल 02 निविदादाता ने भाग लिया। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा दोनों निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँच किया गया। जांचोपरांत निम्न तथ्य पाया गया –

1. **निविदादाता Sadhna Venture Pvt. Ltd., Araria –**

   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करता है।

2. **निविदादाता Md. Rashid Jamal, Araria –**

   NIT की कंडिका 5 के तहत मांगे गये अनुभव प्रमाण–पत्र, जो प्राक्कलित राशि से कम से कम 50% तक की हो अर्थात् रु0 22,90,380.00 मात्र का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, किन्तु निविदादाता द्वारा कार्य अनुभव की राशि रु0 19,57,703.00 मात्र का संलग्न किया गया है, जो पर्याप्त नहीं है।

   प्राधिकार का पत्रांक 78/PDA दिनांक 11.01.2022 के द्वारा तकनीकी बीड में उक्त कारण से असफल होने की सूचना निविदादाता को दी गई, जिस पर 02 दिनों के अंदर उनका पक्ष मांगा गया, जिसपर निविदादाता द्वारा पत्रांक शून्य दिनांक 13.01.2022 को ई–मेल के माध्यम से पत्र दिया गया, जिसमें PWD Code के अनुसार Escalation Factor जोड़कर निविदा के अग्रेतर कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया।

   SBD के Appendix to ITB के Clause 19 के तहत Escalation Factor को जोड़ने के उपरांत निविदादाता द्वारा समर्पित किये गये अनुभव प्रमाण–पत्र का मूल्य राशि रु0 26,03,745.00 मात्र आती है, जो मांगे गये कार्य अनुभव की राशि रु0 22,90,380.00 मात्र से अधिक आती है। अतः निविदादाता NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करता है।

अतः इस निविदा में सम्मिलित 02 निविदादाताओं में से दोनों निविदादाता Sadhna Venture Pvt. Ltd. (Araria) एवं Md. Rashid Jamal (Araria) को तकनीकी बीड में Responsive पाया गया है।

जारी ......

निविदा समिति की निर्णय –

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड में Responsive दोनों निविदादाता Sadhna Venture Pvt. Ltd. (Araria) एवं Md. Rashid Jamal (Araria) को तकनीकी बीड में सफल मानती है। निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 07 दिनों के लिए अपलोड किया जाय। किसी प्रकार की आपति प्राप्त होने पर निविदा समिति बैठक कर आपति का निस्तार करेगी, यदि किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में वित्तीय बीड खोलकर निविदा की अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27.01.22 | 27.01.22 | 27.01.2022 | 27.1.22 | 27.01.22 |
| कार्यपालक अभियंता (पी०डी०ए०) आई०डी०ए०, पटना | कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–1) आई०डी०ए०, पटना | कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–2) आई०डी०ए०, पटना | वरीय वित्त पदाधिकारी आई०डी०ए०, पटना | निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन) आई०डी०ए०, पटना |